दिनांक–23.09.2024 समय–7.10एएम

## प्रादेशिक समाचार
## आकाशवाणी, भोपाल

**मुख्य समाचार :–**

- अमेरिका के के ब्रोस्टन और लास एंजिल्स में भी भारतीय वाणिज्य दूतावास खुलेंगे।
- आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ आज। घर–घर जाकर बनाए जाएंगे आयुष्मान कार्ड।
- अशोकनगर जिले में प्रदेश के पहले हैण्डलूम कैफे का शुभारंभ।
- रीवा सौर परियोजना को हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने केस स्टडी के रूप में किया शामिल।

### प्रधानमंत्री–प्रवासी भारतीय

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमरीका के बोस्टन और लॉस एंजिलिस में दो नये भारतीय वांणिज्य दूतावास खोलने की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीय राष्ट्र–दूत हैं। जो हमेशा देश के सबसे मजबूत ब्रांड एंबेसेडर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने बीती रात न्यूयॉर्क में लांग आइलैंड के नसाऊ कोलेसियम में बड़ी संख्या में मौजूद भारतीय समुदाय को संबोधित कर रहे थे। भारत–अमरीका द्विपक्षीय संबंधों में प्रवासी भारतीयों की भूमिका की सराहना करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विश्व के लिए एआई का मतलब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है लेकिन वे मानते हैं कि एआई अमरीका–भारत की भावना को भी प्रकट करता है। उन्होंने कहा कि प्रवासी भारतीयों ने अमरीका से भारत को और भारत से अमरीका को जोड़ा है तथा उनका कौशल और प्रतिभा बेजोड़ है। प्रधानमंत्री ने अमरीका के राष्ट्रपति जो बाइडेन की मेजबानी के लिए उनके प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि यह एक सौ 40 करोड़ भारतीयों का सम्मान है।

### सरकार 100 दिन/आयुष्मान लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गये हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों ने केन्द्र सरकार का आभार माना है। भोपाल की बेबी माली को किडनी संबंधी समस्या है और वह इस वर्ष में अब तक पांच लाख रुपए से अधिक का निशुल्क उपचार प्राप्त कर चुकी हैं। भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना, आर्थिक संकट से जूझ रहे कई परिवारों के लिए संबल बनी है। बेबी माली के बेटे ने भारत सरकार का इस योजना के लिए आभार माना है...

### दिव्यांगजन–सहायक उपकरण–शिवपुरी

केन्द्र सरकार की एडिप योजनान्तर्गत शिवपुरी जिले में पिछले दिनों दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया।

### हैंडलूम कैफे

अशोकनगर जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चंदेरी से 4 किलोमीटर दूर स्थित प्राणपुर को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा देश के पहले क्राफ्ट हैंडलूम टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित किया गया है। अब यहां पर्यटकों के लिये 'हैंडलूम कैफे' तैयार किया गया है। कैफे की खास बात यह है कि इसे पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है, जो म.प्र. में इस तरह का पहला कैफे होगा। टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने प्राणपुर में 'हैंडलूम कैफ़े' में पहुंचकर महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

अपर प्रबंध संचालक सुश्री मुखर्जी ने कहा कि यह कैफे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसमें सुरक्षा गार्ड, शेफ, रिसेप्शनिस्ट, कैशियर, फ्रंट ऑफिस मैनेजर सहित समस्त कार्मिक एवं प्रबंधकीय पद महिलाओं द्वारा

संभाले जाएंगे। कैफे के सफल संचालन के लिए सभी महिलाओं को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) भोपाल में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

## रीवा–अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर प्लांट

दुनिया की सबसे प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में मध्यप्रदेश स्थित विश्व के सबसे बड़े रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क और प्लांट के उत्कृष्ट प्रबंधन, संचालन और सौर ऊर्जा उत्पादन को आदर्श उदाहरण के रूप में पढ़ाया जा रहा है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर प्लांट न सिर्फ़ विश्व का सबसे बड़ा प्लांट है, बल्कि विश्व में सबसे सस्ती दर पर व्यावसायिक उर्जा उत्पादन करने वाला प्लांट भी है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में भरपूर सौर ऊर्जा है। यहां 300 से ज्यादा दिनों तक सूर्य का प्रकाश रहता है। विश्व बैंक के क्लीन टेक्नालॉजी फंड के माध्यम से वित्त पोषित देश की पहली सौर परियोजना है। आज विश्व के 10 सर्वाधिक बड़ी सोलर परियोजनाओं में से आधी भारत में है। रीवा सोलर पॉवर प्लांट इनमें से एक है।

## आयुष्मान पखवाड़ा

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज प्रातः 11 बजे सिविल अस्पताल डॉ. कैलाशनाथ काटजू भोपाल से आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आयुष्मान हितग्राहियों से संवाद, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान और आभा आईडी निर्माण सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। पखवाड़े में आयुष्मान भारत योजना के लाभ के प्रति जागरूकता पात्र व्यक्तियों का कार्ड बनवाने का कार्य किया जायेगा। अभियान में 70 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने पर विशेष फोकस किया जायेगा। 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान के तहत घर–घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये नामांकन किया जाएगा।

इंदौर जिले में भी आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया जायेगा। आयुष्मान चौपाल एवं आयुष्मान सभा का आयोजन कर योजना संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचायेंगे। 24 सितम्बर को जिले में संचालित समस्त स्कूलों एवं कॉलेज स्तर पर चित्रकला, नारा लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। खरगोन जिले में भी "आयुष्मान आपके द्वार" थीम पर आयुष्मान पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

## जेपी नड्डा – स्वास्थ्य

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में देश के स्वास्थ्य ढांचे का बेहतर विकास हुआ है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में, श्री नड्डा ने कहा कि सभी के लिए स्वास्थ्य के प्रति वचनबद्धता के अनुसार सरकार ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की, जो विश्व में सबसे बड़ी पूर्ण वित्तपोषित स्वास्थ्य बीमा योजना है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार गर्भाशय के कैंसर की जल्द पहचान और उपचार के लिए राष्ट्रव्यापी गर्भाशय कैंसर स्क्रीनिंग कार्यक्रम भी चला रही है। श्री नड्डा ने कहा कि सभी नागरिकों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुनिश्चित करने के लिए, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र कार्यक्रम का उद्देश्य देश भर में सस्ती और उच्च गुणवत्ता वाली दवाओं की उपलब्धता बढ़ाना है।

## मौसम

प्रदेश में आज से एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां देखने को मिल सकती है। 23 सितंबर से लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी शुरू होगी। जिसके बाद बारिश का दौर शुरू हो जाएगा, जो सितंबर के आखिरी सप्ताह तक बना रहेगा। इससे पूरा प्रदेश एक बार फिर बारिश होगी। उल्लेखनीय है कि भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 38 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। वहीं, इंदौर, उज्जैन और रीवा में कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर, देवास, जबलपुर, उज्जैन समेत अन्य जिलों में गरज–चमक, तेज हवा और हल्की बारिश की संभावना है।

**भारतीय टीम – दूसरा टेस्ट**

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड–बीसीसीआई की पुरुष चयन समिति ने बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। दूसरे टेस्ट के लिए टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। यह मैच 27 सितंबर से कानपुर में खेला जाएगा। भारत ने पहले टेस्ट के चौथे दिन बांग्लादेश को 280 रनों के बड़े अंतर से हराकर दो मैचों की सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है।

**अब कुछ समाचार संक्षेप में .....**

- सायबर अपराधों के प्रति युवा वर्ग को जागरूक करने के उद्देष्य से आगरमालवा जिले के समस्त महाविद्यालयों में आज कार्यशालाओं का आयोजन किया जाएगा। जिला खेल अधिकारी ने बताया कि सायबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यशाला जिले के बडौद, नलखेड़ा, सोयत, सुसनेर, एवं आगरमालवा के शासकीय महाविद्यालयों आयोजित की जाएगी।
- अंर्तराष्ट्रीय साईन लैंग्वेज दिवस के अवसर पर आज धार में अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।
- डिंडोरी में "स्वच्छता–ही–सेवा" अभियान अंतर्गत नर्मदा तट इमली कुटी में वृहद स्तर पर साफ़ सफाई की गई।
- पन्ना जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से पन्ना क्रिकेट अकादमी का शुभारंभ पॉलिटेक्निक ग्राउंड में किया गया है।

.....................................

## न्यूज फॉर हिन्दी वैब -

(1) भोपाल-सरकार 100 दिन/आयुष्मान लाभार्थी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के तीसरे कार्यकाल के सौ दिन पूरे हो गये हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना यानी आयुष्मान भारत योजना के लाभार्थियों ने केन्द्र सरकार का आभार माना है। भोपाल की बेबी माली को किडनी संबंधी समस्या है और वह इस वर्ष में अब तक पांच लाख रुपए से अधिक का निशुल्क उपचार प्राप्त कर चुकी हैं। भारत सरकार की आयुष्मान भारत योजना, आर्थिक संकट से जूझ रहे कई परिवारों के लिए संबल बनी है। बेबी माली के बेटे ने भारत सरकार का इस योजना के लिए आभार माना है...

(2) शिवपुरी-दिव्यांगजन-सहायक उपकरण

केन्द्र सरकार की एडिप योजनान्तर्गत शिवपुरी जिले में पिछले दिनों दिव्यांगजनों को सहायक उपकरणों का निःशुल्क वितरण किया गया।

(3) अशोकनगर-हैंडलूम कैफे

अशोकनगर जिले में प्रसिद्ध पर्यटन स्थल चंदेरी से 4 किलोमीटर दूर स्थित प्राणपुर को मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा देश के पहले क्राफ्ट हैंडलूम टूरिस्ट विलेज के रूप में विकसित किया गया है। अब यहां पर्यटकों के लिये 'हैंडलूम कैफे' तैयार किया गया है। कैफे की खास बात यह है कि इसे पूरी तरह से महिलाओं द्वारा संचालित

किया जा रहा है, जो म.प्र. में इस तरह का पहला कैफे होगा। टूरिज्म बोर्ड की अपर प्रबंध संचालक सुश्री बिदिशा मुखर्जी ने प्राणपुर में 'हैंडलूम कैफ़े' में पहुंचकर महिला कर्मचारियों को शुभकामनाएं दीं।

अपर प्रबंध संचालक सुश्री मुखर्जी ने कहा कि यह कैफे महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने और सुरक्षित पर्यटन स्थल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। जिसमें सुरक्षा गार्ड, शेफ, रिसेप्शनिस्ट, कैशियर, फ्रंट ऑफिस मैनेजर सहित समस्त कार्मिक एवं प्रबंधकीय पद महिलाओं द्वारा संभाले जाएंगे। कैफे के सफल संचालन के लिए सभी महिलाओं को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आईएचएम) भोपाल में विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।

(4) रीवा-अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर प्लांट

दुनिया की सबसे प्रसिद्ध हार्वर्ड यूनिवर्सिटी में मध्यप्रदेश स्थित विश्व के सबसे बड़े रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर पार्क और प्लांट के उत्कृष्ट प्रबंधन, संचालन और सौर ऊर्जा उत्पादन को आदर्श उदाहरण के रूप में पढ़ाया जा रहा है। रीवा अल्ट्रा मेगा सोलर पॉवर प्लांट न सिर्फ़ विश्व का सबसे बड़ा प्लांट है, बल्कि विश्व में सबसे सस्ती दर पर व्यावसायिक उर्जा उत्पादन करने वाला प्लांट भी है। गौरतलब है कि मध्यप्रदेश में भरपूर सौर ऊर्जा है। यहां 300 से ज्यादा दिनों तक सूर्य का प्रकाश रहता है। विश्व बैंक के क्लीन टेक्नालॉजी फंड के माध्यम से वित्त पोषित देश की पहली सौर परियोजना है। आज विश्व के 10 सर्वाधिक बड़ी सोलर परियोजनाओं में से आधी भारत में है। रीवा सोलर पॉवर प्लांट इनमें से एक है।

(5) मध्यप्रदेश-भोपाल-इंदौर-खरगोन-आयुष्मान पखवाड़ा

उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज प्रातः 11 बजे सिविल अस्पताल डॉ. कैलाशनाथ काटजू भोपाल से आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ करेंगे। उल्लेखनीय है कि आयुष्मान भारत योजना के 6 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 20 से 30 सितंबर तक आयुष्मान पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में आयुष्मान हितग्राहियों से संवाद, स्वास्थ्य परीक्षण, आयुष्मान और आभा आईडी निर्माण सहित विभिन्न स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। पखवाड़े में आयुष्मान भारत योजना के लाभ के प्रति जागरूकता पात्र व्यक्तियों का कार्ड बनवाने का कार्य किया जायेगा। अभियान में 70 वर्ष

से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों के आयुष्मान कार्ड बनवाने पर विशेष फोकस किया जायेगा। 'आपके द्वार आयुष्मान' अभियान के तहत घर-घर जाकर आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिये नामांकन किया जाएगा।

इंदौर जिले में भी आयुष्मान पखवाड़े का औपचारिक शुभारंभ किया जायेगा। आयुष्मान चौपाल एवं आयुष्मान सभा का आयोजन कर योजना संबंधी जानकारी आमजन तक पहुंचायेंगे। 24 सितम्बर को जिले में संचालित समस्त स्कूलों एवं कॉलेज स्तर पर चित्रकला, नारा लेखन एवं निबंध प्रतियोगिता का आयेजन किया जायेगा। खरगोन जिले में भी "आयुष्मान आपके द्वार" थीम पर आयुष्मान पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

(6) मध्यप्रदेश- मौसम

प्रदेश में आज से एक बार फिर मानसूनी गतिविधियां देखने को मिल सकती है। 23 सितंबर से लो प्रेशर एरिया की एक्टिविटी शुरू होगी। जिसके बाद बारिश का दौर शुरू हो जाएगा, जो सितंबर के आखिरी सप्ताह तक बना रहेगा। इससे पूरा प्रदेश एक बार फिर बारिश होगी। उल्लेखनीय है कि भोपाल, ग्वालियर समेत प्रदेश के 38 जिलों में सामान्य से ज्यादा बारिश हो चुकी है। वहीं, इंदौर, उज्जैन और रीवा में कम बारिश हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, अगले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर, देवास, जबलपुर, उज्जैन समेत अन्य जिलों में गरज-चमक, तेज हवा और हल्की बारिश की संभावना है।

-----------------